हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

11 ट्रैफिक पुलिस ने विद्यार्थियों को पढ़ाया ट्रैफिक नियमों का पाठ



12 इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता के महिला वर्ग में संस्कार भारती कॉलेज पाली व पुरुष वर्ग में आरपीएस बलाना बना विजेता



## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देन के मामले में दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 11 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने मालपुरा निवासी तारवती, संगीता, शिवम व यूपी के बापूनगर निवासी सैनुदीन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में चारों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामलों में आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिताओं को प्रताड़ित करने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष मिली विवाहिता की शिकायत के आधार पर समझौता नहीं होने पर 5 सितंबर को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने गुरूग्राम के समस्तपुर निवासी रोहित को गिरफ्तार किया है। एक अन्य शिकायत के आधार पर 17 सितंबर को दर्ज किए गए मामले में दिल्ली की शाबदा कॉलोनी रोहताश को गिरफ्तार किया है।

### पीएसआर एक्ट के तहत महिला गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने पंजाब शेड्यल्ड रोड एक्ट के तहत करीब 3 साल पहले दर्ज किए गए मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने डीटीपी की ओर से भेजे गए पत्र के आधार पर 4 जुलाई 2022 को पीएसआर एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। केस में कई लोगों पर शेड्यूल्ड रोड एरिया में अवैध निर्माण करने के आरोप लगाए गए थे। इस मामले में पुलिस ने खोरी निवासी सुनीता को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हादसों के बाद फरार दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने घायल के बयान पर गत 6 सितंबर को एक वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में राजस्थान के भिवाड़ी निवासी मटरू यादव को गिरफ्तार किया है। 9 सितंबर को बाइक से हुए हादसे के बाद पुलिस ने सहारनवास निवासी अमित को गिरफ्तार करते हुए उसकी बाइक को कब्जे में ले लिया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** गोठड़ा टप्पा डहीना में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर 6 सितंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर था। पुलिस ने इस मामले में गोठड़ा टप्पा डहीना निवासी मनोज को गिरफ्तार किया है। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### डंपर चालक के खिलाफ दर्ज करवाया केस

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने टैक्टर को टक्कर मारने वाले डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में भिवानी के ढाणा नरसान निसासी सिविल ठेकेदार दिनेश कुमार ने बताया कि 16 सितंबर को खरखड़ा कट के पास एक डंपर ने उसके ट्रैक्टर को टक्कर मार दी, जिससे उसका चालक भिवानी के कसंभी निवासी अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एक प्राइवेट अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी।

---

### साइकिल मेले में जिले के पांच खंडों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

# गवर्नमेंट बॉयज स्कूल में लगा 'मेरी साइकिल-मेरी पसंद' मेला, चार सौ से अधिक बच्चों ने बुक की साइकिलें

मेले में दो किलोमीटर दूर से आने वाले बच्चों को ही प्राथमिकता दी गई

**बजट के लिए निदेशक मौलिक शिक्षा विभाग पंचकूला को भेजी जाएगी डिमांड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जिला मौलिक शिक्षा विभाग की ओर से शुक्रवार को अनुसुचित जाति के छठी कक्षा के बच्चों के लिए राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 'मेरी साइकिल-मेरी पसंद' साइकिल मेले का आयोजन किया गया। साइकिल मेले में रेवाड़ी, खोल, नाहड़, जाटूसाना व बावल सहित पांच खंडों के करीब 420 से अधिक छात्र व छात्राओं ने साइकिलें पंसद की। साइकिल मेले में दो किलोमीटर दूर से आने वाले बच्चों को ही प्राथमिकता दी गई। विद्यार्थियों ने अभिभावकों के साथ रंग और साइज की जांच कर महंगी साइकिलें पसंद की। मेले में साइकिल डीलरों की ओर से साइकिलों की स्टाल लगाई गई। सरकार की ओर से गर्ल्स के लिए 20 इंची साइकिल के लिए 2800 व बॉयज की 22 इंची साइकिल के लिए 3000 रुपए निर्धारित किया हुआ है। अगर इससे महंगी साइकिल बच्चा पसंद करता है तो ऊपर का खर्चा अभिभावकों को स्वयं वहन करना होता है। सरकार की ओर से जब से साइकिल मेला शुरू किया गया है, तब से बच्चों को दी जाने वाली साइकिलों का निर्धारित मूल्य नहीं बढ़ाया गया है, जबकि पिछले 4 से 5 वर्ष में साइकिलों की कीमत कई गुणा बढ़ गई है। साइकिल मेले के आयोजन को लेकर डीईओ ऑफिस में 12 सितंबर को आयोजित बैठक में डीलरों का जिम्मेदारी दी गई। शुक्रवार को आयोजित मेले में साइकिल डीलरों की ओर से आकर्षक साइकिलों की स्टाल लगाई गई। डीलर की ओर से बच्चों की पसंद की साइकिलें बुक की गई। सभी खंडों के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों व अभिभावकों के साथ मेले में हिस्सा लिया। डीईओ सुभाष चन्द्र ने बताया कि बच्चों की ओर से बुक की गई साइकिलों की डिमांड मौलिक शिक्षा निदेशालय भेजी जाएगी। इस के बाद बजट फाइनल होने के बाद बुकिंग कराने वाले विद्यार्थियों के स्कूलों को राशि अलॉट की जाएगी। मेले के लिए स्कूलों से मौलिक शिक्षा विभाग में रेवाड़ी खंड से 259, बावल खंड से 91, नाहड़ खड़ से 25, खोल खंड से 38 व जाटूसाना खंड से 7 गर्ल्स व बॉयज सहित 420 विद्यार्थियों की लिस्ट भेजी गई थी।





रेवाड़ी। मेले में बच्चों को साइकिल पसंद कराते अभिभावक,मेले में बच्चों को साइकिल पसंद कराते अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

**निदेशालय को भेजा जाएगा बजट**



छठी कक्षा के बच्चों के लिए लगाया गया साइकिल मेला सफल सम्पन्न हो गया है। सभी खंडों के बच्चों की ओर से पसंद की गई साइकिलों का बजट बनाकर निदेशक मौलिक शिक्षा विभाग पंचकूला को भेजा जाएगा। इसके बाद सभी बच्चों को साइकिलें दे दी जाएंगी।
सुभाष चंद्र, डीईईओ।

**साइकिल मेले के लिए कमेटी का गठन**

छठी कक्षा के एससी श्रेणी के बच्चों के मेले के लिए शिक्षा विभाग की ओर से कमेटी का गठन किया गया था, जिसमें डीईईओ सुभाष चंद्र अध्यक्ष, बीईओ रेवाड़ी राजेश कुमार वर्मा, प्राचार्य राजकीय बाल विद्यालय, अशोक नामवाल डीएमएस डीईओ ऑफिस तथा मिडिल हैड प्रेमचंद जाट भूरथल शामिल थे। डीईईओ सुभाष चंद्र ने जिला स्तरीय साइकिल मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर शिक्षक मनोज वशिष्ठ, रवि यादव व रजनीश गुप्ता सहित डीईओ ऑफिस का स्टाफ मौजूद था।

---

## सीआईए ने अवैध हथियार रखने वाले दो आरोपी किए काबू

- आरोपियो के खिलाफ सदर पुलिस थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया
- पुलिस ने आरोपी ललित के कब्जे से एक आई-फोन भी बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

सीआईए धारूहेड़ा ने अवैध हथियार रखने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के खिलाफ सदर पुलिस थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया है। सीआईए धारूहेड़ा को सूचना मिली थी कि रसूली निवासी ललित उर्फ लक्ष्य अवैध हथियार लेकर बोड़िया कमालपुर मोड़ पर खड़ा हुआ है। अगर फौरन रेड की जाए तो वह हथियार सहित काबू किया जा सकता है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम बोड़िया कमालपुर मोड़ पर पहुंच गई। पुलिस को देखकर वहां खड़ा एक युवक तेज कदमों से चलने लगा। सीआईए ने उसे काबू करते हुए पूछताछ की तो उसने अपना ललित बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से देशी पिस्तौल बरामद हुआ। पिस्तौल के चेंबर में एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस पूछताछ में आरोपी ललित ने बताया कि हथियार उसे महेन्द्रगढ के गांव मंढाना निवासी रोहित ने उपलब्ध कराया था। आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद सीआईए की टीम ने सदर पुलिस थाने में केस दर्ज करा दिया। पुलिस ने आरोपी ललित के कब्जे से एक आई-फोन भी बरामद किया है।



रेवाड़ी। सीआईए धारूहेड़ा की गिरफ्त में दो आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## ऑनलाइन ट्रेडिंग से मौटा मुनाफा कमाने का लालच

- बनाया 27 .14 लाख रुपये की ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

साइबर ठगों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग से मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर एक व्यक्ति को लगभग 27.14 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में भाड़ावास निवासी सतेंद्र ने बताया कि उसने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखा था, जिसमें ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए मोटा पैसा कमाने के बारे में बताया गया था। उसने संबंधित नंबरों पर संपर्क किया, तो उसे इन्वेस्टमेंट से मुनाफा कमाने के बारे में बताया गया। फोन पर बात करने वाले ने खुद को ट्रेडिंग एक्सपर्ट बताते हुए पैसा कमाने के तरीके के बारे में बताया। जब उसने पैसा इन्वेस्ट करने की इच्छा जताई, तो व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर उसका संस्थागत खाता खुलवा दिया गया। उसे ट्रेडिंग करने के लिए एक आईडी नंबर भी दिया गया। व्हाट्सएप पर बात करते हुए उसे कुछ खाता नंबर पैसा इन्वेस्ट करने के लिए दिए। उसने 21 अगस्त से बताए गए बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने शुरू कर दिए। उसके खाते में मोटा मुनाफा दर्शाया गया, जिस कारण 3 सितंबर तक उसने कई बैंक ट्रांसफर के जरिए 2714485 रुपये जमा करा दिए। बाद में उसने अपना पैसा निकालने का प्रयास किया, तो उसे और ज्यादा पैसा जमा कराने के लिए कहा। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हो गया।

**पुलिस ने सीज करवाए बैंक खाते**

*साइबर थाना पुलिस ने सतेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उन बैंक खातों को सीज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी, जिनमें उसकी राशि ट्रांसफर की गई थी। पुलिस के अनुसार साइबर ठगों ने ट्रांसफर की गई रकम का बड़ा हिस्सा विभिन्न माध्यमों से निकलवा लिया। जो रकम बची हुई थी, उसे होल्ड करवा दिया गया है। पुलिस बैंक खाताधारकों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।*

### शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी के मामले का एक और आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का लालच देकर ठगी करने के मामले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान महाराष्ट्र के मुंबई के सिद्धार्थ कॉलोनी चेंबुर निवासी सुमित कुमार उर्फ गुड्डू के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत वर्ष 24 जून को जिला गुरूग्राम के गांव कासन हाल आबाद द्वारकाधीश सोसाइटी धारूहेड़ा निवासी पवन कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह शेयर मार्केट में पैसा निवेश करना चाहता था। इसके लिए वह एक व्हाट्स एप ग्रुप से जुड़ गया। ग्रुप एडमिन ने उसे शेयर मार्केट के प्लॉन के बारे में जानकारी देते हुए मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। उससे करीब 1 करोड़ 54 लाख 60 हजार रुपए अलग-अलग खातों में डलवा लिए। जब मुनाफे की राशि को पाने के लिए उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया, तो उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने मामले में संलिप्त तीन आरोपी बिहार के जिला ईस्ट चंपारण के गांव रंजीता हाल गांव रघुनाथपुर निवासी रंजन कुमार, पश्चिम बंगाल के जिला अलीपुरदार के जयगांव निवासी दावा लाम्बा व जिला सिरसा के गांव चाहरवाला निवासी कुलदीप को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी सुमित कुमार उर्फ गुड्डू को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खाते में ठगी के 60 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



सुमित कुमार

### रीजनल सेंटर में छात्राओं ने ली स्वच्छता और नशा मुक्ति की शपथ



रेवाड़ी। स्वच्छता तथा नशामुक्ति के प्रति जागरूकता का संकल्प लेती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के महिला रीजनल सेंटर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की ओर से सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वच्छता और नशा मुक्ति का शपथ ली। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वृक्षारोपण, स्वच्छता, प्लास्टिक उन्मूलन तथा जूट-कपड़े का बढ़ावा देने व साइकिल रैली व संगोष्ठी के माध्यम से समाज में जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। डा. अनिल कुमार कहा कि अभियान का उद्देश्य समाज में सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है और युवाओं को समाज सेवा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर डा. रीनू यादव, डा. प्रवेश भारद्वाज, डा. सोनिया यादव, पूजा, नीलम यादव, डा. अंजलि यादव, सुशीला, निर्मला, आरती, उर्वशी, मनीषा, अनिता, अंजलि, सीमा, छलक व शीतल उपस्थित रहीं।

### हाइवे पर डंपर ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, ड्राइवर घायल

**रेवाड़ी।** शुक्रवार को एक तेज रफ्तार डंपर ने दिल्ली-जयुपर हाइवे पर खरखड़ा कट के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर ट्राली सहित पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं डंपर ड्राइवर को मौके पर ही पकड़ लिया है। भिवानी निवासी ठेकेदार दिनेश ने धारूहेड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शुक्रवार सुबह ड्राइवर अंकित निखरी टाइल प्लांट से ट्रैक्टर-ट्राली में टाइलें लोड करके पटौदी प्लांट की ओर जा रहा था। जब वह एनएच-48 पर खरखड़ा कट के पास पहुंचा तो राजस्थान के पाटन से दिल्ली की तरफ डस्ट से भरे एक डंपर ने ट्रैक्टर को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर पलट गया और ट्राली में भरी टाइल्स सड़क पर बिखर गई। हादसे के बाद मौके पर ही डंपर ड्राइवर को पकड़ लिया गया। घायल ड्राइवर अंकित को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच अधिकारी एएसआई विपिन कुमार ने बताया कि डंपर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद निवासी पप्पन अली के रूप में हुई है।



रेवाड़ी। हाइवे पर पलटा ट्रैक्टर व बिखरी टाइल्स।

---

### सती कॉलोनी के सामने वाले रोड के लोगों ने जताया विरोध, दूषित पानी के स्थान पर लगाया बोर्ड

# गंभीर बीमारियों का सरकारी जोहड़, विरोध जताने का नायाब फार्मूला

- प्रशासन की स्वच्छता मुहिम को भी दिखा दिया आइना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

एक ओर शहर को साफ-सुथरा बनाने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों का जमकर ढिंढोरा पीटा जा रहा है, तो दूसरी ओर शहर के लोग ही प्रशासन को आइना दिखाने लगे हैं। सती कॉलोनी के सामने वाले रोड के निवासियों और दुकानदारों ने जलभराव की जगह पर एक ऐसा बोर्ड लगा दिया, जो प्रशासन को आइना दिखाने के लिए काफी है। नगर परिषद कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर भाड़ावास गेट से सरकुलर रोड तक जाने वाले मार्ग के दोनों ओर रहने वाले लोग कई दिनों से दूषित पानी के भराव को लेकर परेशान हैं। इस एरिया के लोगों का आरोप है कि सड़क पर लगातार दूषित पानी एकत्रित रहता है। इससे इस एरिया में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। लोग मच्छरों से पनपने वाले रोगों की चपेट में आ रहे हैं। अधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। शुक्रवार को इस क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर जमा पानी के बीच एक बोर्ड लगा दिया। इस बोर्ड पर लिखा है, 'डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी गंभीर बीमारियों का सरकारी जोहड़।' कॉलोनी के लोगों का कहना है कि जब बार-बार शिकायतों के बावजूद अधिकारियों की नींद नहीं टूटी, तो प्रशासन को जगाने के लिए सड़क पर यह बोर्ड लगाना पड़ा। इससे सड़क से गुजरने वाले लोगों को प्रशासन की कार्यशैली का अच्छी तरह पता चल जाएगा।






रेवाड़ी। सती कॉलोनी के सामने सड़क पर जमा दूषित पानी, बीमारियों का बोर्ड लेकर खड़े स्थानीय निवासी। फोटो :हरिभूमि

**मच्छरों ने कॉलोनी के लोगों का जीना मुहाल किया**

कॉलोनी के लोगों पवन कुमार, लालाराम सैनी, नवीन कुमार, उमराव सैनी, सोमदत्त, सोनू, खूबराम, राजेंद्र सैनी, लक्ष्मण व नरेश आदि ने बताया कि हल्की बारिश होने के बाद भी इस सड़क पर पानी एकत्रित हो जाता है। पानी निकासी के प्रबंध पुख्ता नहीं होने के कारण कई दिनों से पानी भरा हुआ है। मच्छरों ने कॉलोनी के लोगों का जीना मुहाल किया हुआ है। कई बार अधिकारियों से गुहार लगाए जाने के बाद भी पानी की समस्या का स्थाई समाधान आज तक नहीं हो सका है।

### तूने मुझे बुलाया शेरां वालिए कार्यक्रम रविवार को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर 21 सितंबर को मां दुर्गा की उपासना का कार्यक्रम तूने मुझे बुलाया शेरां वालिए का आयोजन पंजाबी धर्मशाला पर किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के जिला प्रधान दीपेश भार्गव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व भारत विकास परिषद के संरक्षक रमेश सचदेवा विशिष्ट अतिथि रहेंगे। संस्था की ओर से धीरज शर्मा जांगड़ा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, समाजसेवी आदर्श राजपाल, हरबंस लाल खुराना व हेमंत ग्रोवर का अभिनंदन किया जाएगा।



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं, एक शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप करता है, जबकि अन्य दो हृदय गलफड़ों में रक्त पहुंचाते हैं।



फ्लेमिंगो का गुलाबी रंग उनके भोजन में पाए जाने वाले कैरोटीनॉइड नामक रसायन के कारण होता है।

# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी में मिलती हैं कई सुविधाएं




**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजातों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।
योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

### अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाड़ी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र को वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास व कंप्यूटर अनुप्रयोगों की देता समझ

# बीसीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट व सरकारी जगत में नौकरी के सुनहरे मौके

**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## बीसीए एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम

बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और कंप्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग, डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी जैसे विषय शामिल होते हैं। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बी.सी.ए. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बी.सी.ए. ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। बी.सी.ए. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किसी विशेष क्षेत्र जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डाटा साइंस या साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में सशक्त करियर बना सकते हैं। बी.सी.ए. और बी.सी.ए. (ऑनर्स) के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएँ उपलब्ध हैं।

**प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग की मिलती है जानकारी**

**डाटाबेस की मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी की मिलती है शिक्षा**

### प्रमुख स्पेशलाइजेशन

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)
- डाटा साइंस और बिग डाटा एनालिटिक्स
- साइबर सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा
- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी)



### खुलते हैं भविष्य के द्वार

*बीसीए छात्रों के लिए करियर की राहें केवल कंप्यूटर अनुप्रयोगों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोलती हैं। सही कौशल और उच्च शिक्षा के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए www. careerjaano. com पर भी विजिट कर सकते हैं।*

### आवश्यक कौशल

**बी.सी.ए. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग में सफल होने हेतु विशेष कौशल आवश्यक हैं। निम्नलिखित प्रमुख कौशल इस प्रकार हैं।**

- प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (जावा, पायथन, सी++, जावास्क्रिप्ट) में दक्षता
- समस्या समाधान और तार्किक सोच
- डाटा विश्लेषण और गणितीय क्षमता
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास की समझ
- टीमवर्क और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल्स
- नई तकनीकों को शीघ्र सीखने और अपनाने की क्षमता

### उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

**बी.सी.ए. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई मार्ग खुले हैं।**

**1. उच्च शिक्षा कार्यक्रम**
- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.)
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – आई.टी. एवं मैनेजमेंट
- एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस/डाटा साइंस/ए.आई.)
- पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग या मशीन लर्निंग

**2. विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स (प्रमुख कंपनियों द्वारा)**
- **माइक्रोसॉफ्ट**: माइक्रोसॉफ्ट अजूर फंडामेंटल्स
- **गूगल**: गूगल क्लाउड प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन
- **अमेज़न**: एडब्ल्यूएस सर्टिफाइड सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट
- **आईबीएम**: आईबीएम डाटा साइंस सर्टिफिकेट
- **ओरेकल**: ओरेकल सर्टिफाइड जावा प्रोग्रामर
- **सिस्को**: सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क प्रोफेशनल

*ये सर्टिफिकेशन न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी बनाते हैं और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।*



**बीसीए को 3 वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या 4 वर्षों में बीसीए ऑनर्स भी कर सकते हैं**

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

डिजिटल अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास के दौर में बी.सी.ए. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों में अवसर उपलब्ध हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- सूचना प्रौद्योगिकी
  सॉफ्टवेयर डेवलपर
  वेब डेवलपर
  मोबाइल एप डेवलपर
  डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर
  क्लाउड इंजीनियर
- बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ
  आई.टी. ऑफिसर
  डाटा एनालिस्ट
  टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
  बिज़नेस एनालिस्ट
- ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग
  ई-कॉमर्स ऑपरेशन मैनेजर
  डिजिटल मार्केटिंग टेक्नोलॉजिस्ट
  वेबसाइट मैनेजर
  एसईओ/एसईएम विशेषज्ञ
- शिक्षा और प्रशिक्षण
  कंप्यूटर शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
  ऑनलाइन ट्यूटर
  आईटी ट्रेनर
  एड-टेक कंटेंट डेवलपर
- कंसल्टिंग और स्टार्टअप्स आईटी
  कंसल्टेंट
  प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
  टेक्निकल सपोर्ट स्पेशलिस्ट
  प्रोडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर

**यह इनकम संभव**

- बी.सी.ए. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 5 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 20 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में भी बी.सी.ए. स्नातकों के लिए सम्मानजनक अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ वे विभिन्न विभागों और संगठनों में तकनीकी एवं प्रशासनिक भूमिकाएँ निभा सकते हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- प्रशासनिक सेवाएं
  भारतीय प्रशासनिक सेवा
  भारतीय पुलिस सेवा
  राज्य लोक सेवा आयोग के पद
- बैंकिंग क्षेत्र
  प्रोबेशनरी ऑफिसर
  आईटी ऑफिसर
  क्लर्कियल पद
- रक्षा एवं अनुसंधान संगठन
  डी.आर.डी.ओ. में
  वैज्ञानिक/तकनीकी पद
  इसरो में अनुसंधान पद
  राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में
  आईटी पद
- शिक्षा और विश्वविद्यालय
  सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में
  सहायक प्रोफेसर
  कंप्यूटर प्रशिक्षक
  अनुसंधान सहायक
- रक्षा सेवाएं
  लेफ्टिनेंट
  आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
  अकाउंट अफसर
  एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
  लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
  टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**इनकम यह संभव**

- सरकारी क्षेत्र में बी.सी.ए. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 6 लाख रुपये वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

---

# मतदान की शक्ति : सावधानी और जिम्मेदारी से चुनें भारत का भविष्य



**मोटिवेशनल**
**डॉ. दिव्या तंवर**

आज का समय बदलाव का समय है, और आप भारत के युवा और भविष्य के कर्णधार इस बदलाव की धुरी हैं। 2025 में, जब भारत एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक उत्सव, यानी चुनावों की ओर बढ़ रहा है, आपके पास वह शक्ति है जो देश की दिशा और दशा को बदल सकती है। सावधानी से मतदान करना केवल आपका अधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी है जो आपके सपनों के भारत को साकार कर सकती है। आइए, इस प्रेरणादायक यात्रा में शामिल हों और समझें कि आपका एक वोट कैसे शांतिपूर्ण क्रांति ला सकता है। भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे जीवंत और शक्तिशाली लोकतंत्र है। यहाँ हर वोट एक कहानी लिखता है, जो देश के भविष्य को आकार देता है।

## छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं

आप में से कई छात्र पहली बार मतदान करने जा रहे हैं, और यह एक ऐसा मौका है जहाँ आप एक छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं। लेकिन यह निशान सावधानी और जागरूकता के साथ लगाना होगा। बिना सोचे-समझे किया गया मतदान आपके सपनों को अधूरा छोड़ सकता है, जबकि सही जानकारी और जिम्मेदारी के साथ दिया गया वोट एक समृद्ध, समावेशी और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकता है। आपके वोट में वह ताकत है जो शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह वोट केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपके विश्वास और सपनों का प्रतीक है। यह वह हथियार है जिसने भारत को स्वतंत्रता दिलाई और आज भी इसे मजबूत बनाए रखता है। 2025 में, भारत के सामने कई अहम मुद्दे हैं बेरोजगारी, शिक्षा में सुधार, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय। इन मुद्दों को हल करने के लिए हमें सही नेताओं और नीतियों को चुनना होगा। लेकिन सही चुनाव के लिए जागरूकता जरूरी है। सावधानी से मतदान का मतलब है। उम्मीदवारों के पिछले कार्यों, उनके वादों और उनकी विश्वसनीयता की जाँच करें। क्या वे आपके क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं? क्या उनकी योजनाएँ लंबे समय तक टिकाऊ हैं? वोट देते समय भावनाओं या प्रचार में न बहें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर उम्मीदवारों की नीतियों को समझें। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया जागरूकता फैलाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। सही जानकारी साझा करें और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने दोस्तों, परिवार और समुदाय को मतदान के महत्व के बारे में बताएं। एक जागरूक मतदाता समूह पूरे देश को बदल सकता है। भारत का इतिहास युवा शक्ति की गौरवगाथा से भरा पड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और लाखों युवा छात्रों ने अहिंसक और संगठित तरीके से देश को आजादी दिलाई। आज भी, 2020 के दशक में भारतीय युवा अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। चाहे वह किसान आंदोलन हो, जहाँ युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जरिए नीतिगत बदलाव लाए, या फ्राइडेजफॉरफ्यूचर अभियान, जिसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जागरूकता फैलाई भारतीय युवा हर बार साबित करते हैं कि वे बदलाव के असली नायक हैं।

## डिजिटल युग में आप अधिक शक्तिशाली

आज, डिजिटल युग में, आप और भी शक्तिशाली हैं। **#MeToo**, **#SaveTheChildren** जैसे अभियानों ने दिखाया कि भारतीय युवा सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों को जोड़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। 2025 में, आपके पास मतदान के जरिए इस विरासत को और मजबूत करने का अवसर है। कल्पना करें, एक ऐसा भारत जहाँ हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, हर युवा को रोजगार और हर नागरिक को सम्मान मिले। आपका वोट इस सपने को हकीकत में बदल सकता है।

**शांतिपूर्ण क्रांति का रास्ता**: आपका वोट भारत का लोकतंत्र हमें सिखाता है कि सच्चा बदलाव शांति और एकजुटता से आता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा के जरिए दुनिया को दिखाया कि सही मकसद और संगठित प्रयास से कोई भी सत्ता झुक सकती है। आपका वोट उसी अहिंसक क्रांति का हिस्सा है। यह एक ऐसा हथियार है जो बिना किसी नुकसान के समाज को बेहतर बना सकता है। हर वोट एक कहानी है, और यह आप पर निर्भर है कि वह कहानी प्रगति, समानता और आशा की हो।

**उठें, जागें और वोट करें** : छात्र मित्रों, यह समय है अपने भविष्य को अपने हाथों में लेने का। 2025 का साल आपके लिए एक सुनहरा अवसर है एक ऐसा मौका, जहाँ आप सावधानी और जिम्मेदारी से मतदान कर अपने सपनों के भारत को साकार कर सकते हैं। अपने स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले में जागरूकता फैलाएँ। अपने दोस्तों को बताएँ कि उनका वोट कितना कीमती है। सोशल मीडिया पर सकारात्मक अभियान चलाएँ, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित हों।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

## खबर संक्षेप

### पुलिस कर्मियों ने रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

**रेवाड़ी।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैंव में ललिता मैमोरियल हॉस्पिटल से डा. घनश्याम मित्तल की टीम व फॉर्मासिस्ट हरिपाल की टीम ने सहयोग दिया। कैंप में डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार सहित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों भाग लिया। शिविर में 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### स्वस्थ नारीपर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बावल।** गांव घटाल महेनियावास के प्ले स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह व मेगा हेल्थ कैंपेन के तहत स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई प्ले स्कूल की कार्यकर्ता रेखा रानी ने की, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर रचना देवी ने नारी सशक्तिकरण अभियान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से एएनएम पूजा, आशा वर्कर रचना व माया तथा हेल्पर सरोज मौजूद रहीं।

### महिलाओं से मोटे अनाज के सेवन का आह्वान

**कोसली।** गांव नाहड़ में सेवा पर्व के अंतर्गत रेसिपी प्रतियोगिता, पोषण भी व पढ़ाई भी विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राकेट लर्निंग के नीतीश कुमार की ओर से आंगनबाड़ी वर्करों के साथ लो कास्ट रेसिपी, पौष्टिक आहार, संतुलित थाली, जंक फूड थाली का प्रदर्शन किया गया। महिलाओं को रोजाना हरी पत्तेदार सब्जियां, दूध, दही और मोटे अनाजों का सेवन को लेकर जागरूक किया। गांव के सरपंच महेंद्र सिंह ने रेसिपी प्रतियोगिता का अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

### सीडब्ल्यूएसएन बच्चों का स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाटूसाना में सेवा पखवाड़ा के तहत सीडब्ल्यूएसएन बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़ा के दौरान प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शुक्रवार को मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जाटूसाना अरविंद यादव ने किया।

### एसडीएम ने विकास कार्यों व लाइब्रेरी का किया निरीक्षण

**रेवाड़ी।** एसडीएम सुरेश कुमार ने शुक्रवार को धारूहेड़ा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों व लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुरेश कुमार ने नगर पालिका धारूहेड़ा कार्यालय के नजदीक पार्क में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चल रहे विकास कार्यों को तय समय में पूरा करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न रहे।

## विद्यार्थियों को हेलमेट व सीट बेल्ट का महत्व समझाया

# ट्रैफिक पुलिस ने विद्यार्थियों को पढ़ाया ट्रैफिक नियमों का पाठ

**सौ से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप भी लगाई**

- थाना प्रभारी ने बताया की सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति की जिम्मेदारी होती है कि वह ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़क सुरक्षा को ट्रैफिक पुलिस की ओर से शुक्रवार को सेवा पखवाड़े के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस ने गवर्नमेंट बॉयज व गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर ट्रैफिक थाना प्रभारी निरीक्षक तारा चंद, एचसी शिवभूषण व आरएसओ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश वशिष्ठ मौजूद थे। ट्रैफिक थाना प्रभारी ताराचंद ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक सिग्नल, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, ओवरस्पीड से होने वाले खतरे, शराब पीकर गाड़ी चलाने के दुष्परिणाम और अन्य यातायात नियमों सहित नशे के दुष्प्रभावों के बारे भी जानकारी दी। पुलिस टीम ने कहा कि सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति की जिम्मेदारी होती है कि वह ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सकें। पुलिस ने बताया कि अक्सर लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण सड़क हादसे होते हैं, जिनमें कई लोगों की जान चली जाती है। विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट का महत्व समझाया गया और सड़क पर पैदल चलने के दौरान सावधानियां बरतने की हिदायत दी गई।

- लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण सड़क हादसे होते हैं




रेवाड़ी। ऑटो पर रिफ्लेक्टर टेप लगाते हुए पुलिस व विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### ट्रैफिक सुरक्षा जागरूकता अभियान

पुलिस अधीक्षक हेमेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में ट्रैफिक पुलिस की ओर से सेवा पखवाड़े के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति सचेत करना और सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाना है। ट्रैफिक थाना प्रभारी ताराचंद ने विद्यार्थियों से ट्रैफिक नियमों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी यदि इन नियमों का पालन करेगी तो समाज में सड़क सुरक्षा की स्थिति और बेहतर होगी। पुलिस ने बताया कि यह अभियान केवल विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आम नागरिकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। आने वाले दिनों में अन्य शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर भी इसी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी जा सकें।

### वाहन चालकों को भी किया जागरूक

ट्रैफिक पुलिस की ओर से शुक्रवार को सरकुलर रोड पर भी वाहन चालकों के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत 100 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई, जिनमे निजी, कमर्शियल, ट्रैक्टर ट्रॉली, ऑटो शामिल थे। जिला पुलिस की ओर से वाहन चालकों की सुविधा के लिए रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान भी चलाया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित स्पीड में ही वाहन चलाने के अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी पुलिस इस अभियान को जारी रखेगी। ट्रैफिक पुलिस के अभियान की विद्यार्थियों व वाहन चालकों ने सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे खुद भी ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे और अपने परिवार एवं मित्रों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 28.54 लाख रुपये की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने शहर के एक व्यापारी को ऑनलाइन ट्रेडिंग से मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर लगभग 28.54 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।



साइबर ठगी का आरोपी लियाकत।

गत 25 अगस्त को नई आबादी निवासी व्यापारी योगेश गोयल ने साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसने इंटरनेट पर ऑनलाइन ट्रेडिंग से मोटा मुनाफा कमाने का विज्ञापन देखने के बाद उस पर दिए गए नंबरों पर संपर्क किया था। बातचीत के बाद उसे बताया गया कि उनकी साइट पर पैसा इन्वेस्ट करने पर जबरदस्त ब्याज व बोनस मिलेगा।

उसे इस बात के लिए भी आश्वस्त किया गया कि उनकी साइट पर कोई फ्रॉड नहीं होगा। इसके बाद उसका एक वैलेट बनवाया गया, जिसमें उसने 17 अगस्त को 10 लाख रुपये इन्वेस्ट कर दिए। यह रकम जमा कराने के बाद उसे बताया गया कि उसका 4 लाख रुपये मुनाफा वैलेट में आ गया है। अब उसके खाते में राशि 14 लाख हो गई है। राशि निकालने के लिए उसे 10 लाख रुपये और जमा कराने होंगे। उसने यह राशि भी जमा करा दी।

उसे बताया गया कि अब उसका बोनस और मुनाफा बढ़कर 30 लाख रुपये हो गया है। इसे निकालने के लिए जीएसटी सहित 854430 रुपये और जमा कराने होंगे। उसने यह राशि भी जमा करा दी। जब उसने अपने वैलेट से राशि निकालने का प्रयास किया, तो उसे और पैसे जमा कराने के लिए कहा। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

### आरोपी के बैंक खाते में गए थे 10 लाख

साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की, तो 10 लाख रुपये यूपी के जिला चंदोली के ओयरचक खुरहट सैयादराजा निवासी लियाकत के बैंक खाते में ट्रांसफर पाए गए। पुलिस ने आरोपी लियाकत को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया। मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

### जगदीश नेहरा को मिली जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**रेवाड़ी।** जननायक जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जगदीश नेहरा पर विश्वास जताते हुए जिला अध्यक्ष किसान सैल की जिम्मेदारी दी है। जगदीश नेहरा ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के संरक्षक चौ.अजय सिंह चौटाला, पूर्व उप मुख्यमंत्री चौ. दुष्यंत सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला व प्रदेश अध्यक्ष किसान सैल नरेश द्वारका सहित शीर्ष नेतृत्व और जिला अध्यक्ष चौ. विजय पंच का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे ईमानदारी से निर्वहन करते हुए संगठन विस्तार की मजबूती के लिए कार्य करेंगे।

# संतुलित आहार पर पुरुषों की हुई प्रतियोगिता

- जिले में पोषण माह के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से 16 अक्टूबर तक मनाए जा रहे आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत लोगों को जागरूक करते हुए संतुलित आहार, बचपन की देखभाल, शिक्षा और स्थानीय पौष्टिक खाद्य संसाधनों को बढ़ावा दिया जा रहा। जिले में पोषण माह के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि सेवा पर्व एवं पोषण के तहत शुक्रवार को जिला की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित की गई और पोषण पर पिता द्वारा संकल्प लिया गया कि वे अपने परिवार की महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान रखेंगे, अपने परिवार को स्वस्थ रखने में सहयोग करेंगे। इसके अलावा पुरुषों की संतुलित आहार पर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें सभी ने बढ़ चढकर भाग लिया।



रेवाड़ी। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के पिता स्वास्थ्य एवं पोषण का संकल्प लेते हुए।

### राष्ट्रीय पोषण माह: स्वस्थ नारी, स्वस्थ परिवार अभियान

जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने कहा कि पोषण माह के दौरान लोगों को जागरूक करने के लिए जिला की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार थीम पर महिलाओं और बच्चों को मोटापे का समाधान, चीनी, नमक और तेल का सेवन कम करने, शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार आदि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला में पोषण माह के आयोजन का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, किशोरियों व छह वर्ष तक के बच्चों में पोषण स्तर में सुधार लाना है।

# कोसली की राजस्व सीमा में कार्रवाई डीटीपी ने अवैध निर्माण किए ढाए

- पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

डीटीपी की टीम ने शुक्रवार को कोसली क्षेत्र की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों की तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की इस कार्रवाई से अवैध रूप से निर्माण करने व कॉलोनियां काटने वाले लोगों में खलबली मच गई। डीटीपी ने बिना अनुमति कॉलोनियां विकसित करने वाले व प्लॉटिंग के बाद निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की हुई है। शुक्रवार को डीटीपी की टीम जेसीबी मशीन और पुलिस बल के साथ कोसली क्षेत्र में पहुंची। डीटीपी की टीम ने कोसली से भूरथला रोड व कनीना रोड पर अवैध निर्माणों को जमींदोज किया। भारी पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की कार्रवाई का विरोध नहीं हुआ। डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। अनियमित कॉलोनियों में प्लॉट खरीकर मकान बनाने वाले लोगों को तोड़फोड़ के बाद दोहरे नुकसान का सामना करना पड़ता है। लोगों को प्लॉट खरीदने से पहले विभागीय कार्यालय से यह पता करना चाहिए कि जहां वह प्लॉट खरीद रहे हैं, वह कॉलोनी रेगुलर है या नहीं। अभी नई कॉलोनियों को रेगुलर को करने की सरकार की कोई योजना नहीं है। बिना अनुमति किए जाने वाले निर्माण किसी भी सूरत में छोड़े नहीं जाएंगे।



रेवाड़ी। कोसली में अवैध निर्माण तोड़ती डीटीपी की जेसीबी।

### 25 को लॉन्च होगी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना ऐप



रेवाड़ी। मोबाइल ऐप के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडीसी राहुल मोदी।

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान को ध्यान में रखते और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रदेशभर में दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना यानि डीडीएलएलवाई मोबाइल एप्लीकेशन लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह योजना 25 सितंबर से प्रदेश के सभी जिलों में लागू की जाएगी। एडीसी राहुल मोदी ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में योजना के सफल क्रियान्वयन तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक से पहले सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. जी अनुपमा ने वीसी के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीसी राहुल मोदी ने कहा कि 25 सितंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद रामचन्द्र जागंड़ा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

## 'बेटी से ही संपूर्ण परिवार' में 50 परिवार सम्मानित

- लड़कियों की शक्ति को पहचानने से समाज का नजरिया बदला : रूहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के बड़ा तालाब मंदिर स्थित ललिता मेमोरियल अस्पताल में बेटी से ही संपूर्ण परिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रेनी आईएएस अधिकारी रूहानी ने कहा कि लड़कियों की शक्ति को पहचानने का ही समाज का नजरिया बदल गया है। उन्होंने कहा कि यह डॉक्टर फॉर सोसाइटी की तरफ से किया जा रहा सराहनीय प्रयास है।

सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को चल रही है, तो सामाजिक गतिविधियों में यह कार्यक्रम एक बेहतरीन उदाहरण साबित हो रहा है।

डा. घनश्याम मित्तल एवं सीमा मित्तल ने बताया कि यह कार्यक्रम 2017 से ऐसे परिवारों को सम्मान देने के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिन्होंने एक बेटी या दो बेटी पर अपने परिवार को संपूर्ण परिवार मान लिया है। इस अवसर पर 50 से अधिक ऐसे परिवारों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी बेटी को ही संपूर्ण परिवार मानते हुए परिवार नियोजन अपनाया है।

इस मौके पर सीटीएम जितेंद्र कुमार ने कहा कि यह उल्लेखनीय योगदान है, जिससे समाज को प्रेरणा मिलती है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सीटीएम जितेन्द्र कुमार।

### शिक्षा के प्रसार से ही हो सकती समाज की उन्नतिः अनिल यादव



रेवाड़ी। छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक अनिल यादव।

**कोसली।** विधायक अनिल यादव ने कहा कि शिक्षा के प्रसार से ही समाज की उन्नति हो सकती है। जहां तक संभव हो सके हर सक्षम आदमी को शिक्षा के प्रोत्साहन में अपना योगदान देना चाहिए। विधायक शुक्रवार को गांव गुरावड़ा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं, शिक्षकों व ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। विधायक अनिल यादव ने मिड-डे मील की सुविधा के लिए एक लाख रुपए की लागत की आठ टेबल और 60 कुर्सी भेंट की। उन्होंने स्कूल परिसर में भोजन की व्यवस्था का अवलोकन किया और विद्यालय की प्रबंधन समिति को विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार से शैक्षणिक उत्थान का कार्य करते रहेंगे। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार ने नौ साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव अभियान का संचालन कर रहे हैं। आज बेटियों को हरियाणा में बेहतरीन शिक्षा दी जा रही है।

## राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विभिन्न उपलब्धियां हासिल करने वाले स्कॉउट्स, गाइड्स और प्रशिक्षकों को किया सम्मानित

# स्कॉउट्स एवं गाइड्स अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की जीवंत मिसालः सुभाष चंद्र

**हरियाणा स्टेट भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

द हरियाणा स्टेट भारत स्कॉउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में शुक्रवार को इस वर्ष का भव्य फेसिलिटेशन प्रोग्राम उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद ने की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश वर्मा, पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य अजय कुमार और डीएमएस अशोक नामवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम में वर्ष 2025 में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विभिन्न उपलब्धियां हासिल करने वाले स्कॉउट्स, गाइड्स और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कॉउट सचिन को राष्ट्रपति स्कॉउट की परीक्षा उत्तीर्ण कर राष्ट्रपति से प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि रेवाड़ी जिले के लिए गर्व का विषय रही। गाइड पूनम यादव को प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने पर सम्मान मिला। गाइड कैप्टन मीनाक्षी चरण, संगीता एवं सरिता देवी को एचडब्ल्यूबी कोर्स पूरा करने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा पीएम श्री रावमावि पीथड़ावास व बूढ़पुर के 11 स्कॉउट्स तथा राविमावि बेरली खुर्द की 16 गाइड्स को राज्य पुरस्कार टेस्ट उत्तीर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। स्कॉउट मास्टर संजय कुमार को एडवांस कोर्स पूरा करने पर बधाई दी गई।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में स्कॉउट व गाइड को सम्मानित करते डीईओ सुभाष चंद्र। फोटो : हरिभूमि

### कैप्टन सीमा यादव को मिला सम्मान

कार्यक्रम में राविमावि राजगढ़ की जीव विज्ञान प्रवक्ता गाइड कैप्टन सीमा यादव को विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने डायमंड जुबली नेशनल जैम्बोरी तमिलनाडु में स्टेट स्टाफ के रूप में अपनी जिम्मेदारी का सफल निर्वहन करके राज्य व रेवाड़ी जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। सीमा यादव पहले ही एएलटी कोर्स उत्तीर्ण कर जिले की प्रथम एडल्ट लीडर ट्रेनर के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं।

### बच्चों को भविष्य के लिए किया प्रेरित

इस मौके पर डीओसी स्कॉउट प्रदीप ने कहा कि बच्चों ने जिले का मान बढ़ाया है। डीओसी गाइड सरोज वर्मा ने उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। स्कॉउट मास्टर होशियार सिंह, प्रकाश, विक्रम सिंह तथा रेन्जर लीडर सीता ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद ने कहा कि स्कॉउट्स एवं गाइड्स अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की जीवंत मिसाल हैं। उनकी उपलब्धियां न केवल उनके विद्यालयों, बल्कि पूरे रेवाड़ी जिले को गौरवान्वित करती हैं।

### सार्वजनिक सूचना

मैं, महेश रावत पुत्र घमण्डी, निवासी मौहल्ला कोठी कुआं, बावल गेट, तहसील व जिला रेवाड़ी (हरियाणा) सूचित करता हूँ कि मेरे पिता श्री घमण्डी का स्वर्गवास दिनांक 29-12-2007 को हो चुका है। उनके स्वर्गवास के बाद उनकी जायदाद के निम्नलिखित वारसान हैं:- (1) श्रीमती विद्या देवी (धर्मपत्नी), (2) श्री महेश रावत (पुत्र), (3) श्रीमती सरोज देवी (पुत्री), (4) श्रीमती कृष्णा (पुत्री), (5) श्रीमती किरण (पुत्री)। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त घमण्डी की प्रोपर्टी के अन्य कोई वारसान नहीं है। उक्त वारसानों के बारे में किसी को कोई ऐतराज है तो सम्पर्क करें।

हस्ता/-
तहसीलदार, रेवाड़ी

## खबर संक्षेप


रेवाड़ी। भागवत कथा के समापन पर हवन करते हुए श्रृद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**धारूहेड़ा।** गांव अलावलपुर में शिव भोले नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शिवनाथ मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुक्रवार को हवन व भंडारे के साथ समापन हो गया। कथा वाचक त्रिवेन्द्र दास महाराज ने मंत्रोच्चारण से हवन सम्पन्न कराया। मुख्य यजमान के रूप में अतुल लोर व उनकी पत्नी रजनी देवी के अलावा अन्य श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां डाली। त्रिवेन्द्र दास महाराज ने श्रद्धालु महिला व पुरुषों से एक-एक बुराई छोड़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर गांव अलावलपुर के अलावा ततारपुर खालसा, भटसाना गांव व नन्दरामपुर बांस गांव से अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### मनोज यादव ने संभाला कोसली थाने का कार्यभार

**कोसली।** कोसली थाना के नए प्रभारी मनोज यादव ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया।


मनोज यादव।

एसएसपी हेमेंर्र मीणा ने थाना प्रभारी रहे कश्मीर सिंह को रेवाड़ी में जिला निरीक्षक लगाया है। मनोज कुमार यादव इससे पूर्व जिले के सभी थानों में बतौर थाना प्रभारी रह चुके हैं। मनोज यादव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र को अपराध मुक्त व नशा मुक्त बनाना है।

### महर्षि वाल्मीकि सभा की बैठक कल

**नारनौल।** श्री महर्षि वाल्मीकि सभा तालाब बहादुर सिंह में वाल्मीकि समाज की ओर से 21 सितंबर को बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में 7 अक्टूबर को मनाए जाने वाले महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी।

### विशेष शिकायत निवारण शिविर कल से

**नारनौल।** सेवा पर्व के तहत 21 व 22 सितंबर को तहसील कार्यालय नांगल चौधरी में विशेष शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

---

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में इंटर कॉलेज कबड्डी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

# कबड्डी में महिला वर्ग टीम से संस्कार भारती डिग्री कॉलेज पाली प्रथम

**विभिन्न कॉलेजों की 21 टीमों ने दिखाया दम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। पुरुष वर्ग विजेता कबड्डी टीम को पुरस्कृत करते विधायक व अन्य व महिला वर्ग विजेता कबड्डी टीम को पुरस्कृत करते विधायक व अन्य। फोटो: हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में पुरुष एवं महिला वर्ग की इंटर कॉलेज कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आईजीयू के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों की 21 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण यादव थे। कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कुलसचिव ने सभी टीमों को कड़ी मेहनत के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी जीवन में बहुत महत्व होता है। उन्होंने बताया कि कबड्डी हरियाणवी खेल संस्कृति का बहुत ही रोमांचक खेल है, जिसमें खिलाड़ी अपने दम-खम से दूसरे खिलाड़ी को पस्त करते हुए आगे बढ़ता है। सभी खिलाड़ी अपनी ईमानदारी, कर्मठता एवं कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़कर अपने गुरुओं व माता-पिता का नाम रोशन करते हुए विश्वविद्यालय को ओर ऊंचाइयों पर ले जाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में इनडोर एवं आउटडोर स्टेडियम का कार्य प्रगति पर है। इनडोर एवं आउटडोर स्टेडियम बनने के बाद खिलाड़ियों के लिए बहुत से अवसर बनेंगे। मुख्य अतिथि लक्ष्मण यादव ने कहा कि कबड्डी सिर्फ एक खेल नहीं है, यह हमारे संस्कृति, परंपरा और आत्मबल का प्रतीक है। यह खेल मिट्टी से जुड़ा है, लेकिन आज इसकी पहचान पूरी दुनिया में है। उन्होंने कहा कि कबड्डी हमें सिखाता है कि साहस कैसे दिखाते हैं, टीमवर्क क्या होता है तथा गिरने के बाद उठना कितना जरूरी होता है। इस खेल में शरीर की ताकत जितनी जरूरी है, उन्होंने सभी युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप ही भारत के भविष्य हैं। जो अनुशासन, परिश्रम और समर्पण आप इस खेल में दिखा रहे है, वही आपको जीवन के हर क्षेत्र में सफल बनाएगा। विधायक ने खिलाड़ियों के हितों को देखते हुए कबड्डी खेल के लिए पुरुष एवं महिला वर्ग के लिए आईजीयू को दो मैट देने के लिए घोषणा भी की।

#### ये रहे कबड्डी प्रतियोगिता के परिणाम

कबड्डी के महिला वर्ग टीम से संस्कार भारती डिग्री कॉलेज पाली ने प्रथम, राजकीय कन्या महाविद्यालय रेवाड़ी ने द्वितीय एवं राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी की पुरुष वर्ग की टीम से आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना महेंद्रगढ ने पहला, केएलपी कॉलेज रेवाड़ी ने दूसरा तथा यदुवंशी डिग्री कॉलेज नारनौल ने तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि विधायक लक्ष्मण यादव एवं कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह सभी विजेता टीमों को पुरस्कृत किया एवं इंटर यूनिवर्सिटी 2025-26 के लिए खिलाड़ियों को चयनित किया। निदेशक खेल विभाग डा. अशोक कुमार ने सभी प्रतिभागियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। खेल प्रतियोगिता में मंच संचालन डा. धर्मवीर एवं डा. अमनदीप ने किया।

#### ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

इस अवसर पर खेल सहायक निदेशक देवेंद्र ढाका, अधिष्ठाता युवा कल्याण प्रोफेसर अदिति शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव, प्रोफेसर सविता शयोराण, प्रोफेसर संजय हुड्डा, प्रोफेसर पंकज कुमार त्यागी, योगेश, नितिन, बिक्रम, डा. नरेश, डा. सत्यजीत, डा. हरि प्रकाश, डा. रामबीर, मनीषा, रचना शर्मा, डा. सरला, डिप्टी डायरेक्टर ऑडिट अनिल कुमार, वित्त अधिकारी अनिल कुमार, एसडीई सुरेंद्र, जेई रविंद्र, जेई अनिल कुमार, अस्सिटेंट रजिस्ट्रार डा. अंशु, डा. रीना हुड्डा, डा. महावीर बड़क, प्रवीण कुमार, अमित कुमार, कपिल, सुरजीत व विक्रम सिंह सहित सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

---


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए महिला पुलिस टीम। फोटो: हरिभूमि

## नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को महिला थाना प्रभारी पीएसआई सरिता, दुर्गा शक्ति इंचार्ज एएसआई सुनीता व टीम ने सेवा पखवाड़ा के तहत गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल गांव महेश्वरी में विद्यार्थियों व स्टाफ को डायल-112, महिला विरुद्ध अपराध, साइबर अपराध, सेल्फ डिफेंस व नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को आम जीवन में होने वाले अपराधों से बचाव व अपराध होने पर उनके निवारण सहित नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। पीएसआई सरिता ने कहा कि एक पढ़ी-लिखी नारी अपने अधिकारों को जानती है और वह किसी भी प्रकार के शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज उठाने में समर्थ होती है, इसलिए आवश्यक है कि प्रत्येक बच्चे को अपने अधिकारों का ज्ञान होना चाहिए ताकि वह इस समाज की बुराइयों से लड़कर अपने हक के लिए आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास महिला पुलिस टीम ने बताया कि नशा समाज की जड़ों को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी नशे के दलदल में फंसकर किस प्रकार अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रही है। नशा इंसान के स्वास्थ्य के ऊपर बहुत बुरा प्रभाव डालता है, जिसकी वजह से उन्हें कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां जकड़ लेती हैं और इंसान को अंदर से खोखला कर देती हैं।

#### पीड़ित को तत्परता से पुलिस सहायता मिलेगी

पुलिस टीम ने बताया कि डायल-112 ऐप को इंस्टॉल करके ऐप में अपनी डिटेल्स जैसे नाम, मोबाइल नंबर, पता इत्यादि एक बार अपडेट करना है, उसके बाद जब भी किसी असुरक्षित परिस्थिति में पुलिस सहायता की जरूरत हो तो डायल-112 ऐप से माध्यम से पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती है और उस समय पीड़ित को अपना नाम मोबाइल नंबर व पता व लोकेशन बताने की जरूरत नहीं पड़ेगी और पीड़ित को तत्परता से पुलिस सहायता मिलेगी। यदि कोई महिला यात्रा के दौरान ट्रिप मॉनिटरिंग की सुविधा प्राप्त करना चाहती है तो 112 पर कॉल करके यह सहायता प्राप्त की जा सकती है।

---

## गर्ल्स कॉलेज ने इंटर कॉलेज कबड्डी में पाया द्वितीय स्थान


रेवाड़ी। गर्ल्स कॉलेज की टीम शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-18 की टीम ने लगातार चौथी बार द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। कॉलेज की प्राचार्य डा. ज्योति यादव, नव पदोन्नत प्राचार्य सत्येंद्र सिंह, खेल प्रभारी डा. नरेश कुमार व कोच आजाद सिंह सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने टीम को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में महिला वर्ग में 10 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था।

### चोरी की बाइक सहित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने 15 अगस्त को जोनियावास रोड से चोरी हुई बाइक बरामद करने के साथ ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया। पुलिस को दर्ज शिकायत में दुल्हेड़ा कलां निवासी प्रदीप कुमार ने बताया था कि वह स्वतंत्रता दिवस के दिन घर से बाइक लेकर कहीं जा रहा था। जोनियावास सर्विस रोड पर बाइक खड़ी करने के बाद वह अपने काम में व्यस्त हो गया। वापस आने पर उसे बाइक नहीं मिली। बाइक पर एक बैग लटका हुआ था, जिसमें उसके आवश्यक दस्तावेज व एक मोबाइल फोन था। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने ऑनलाइन दर्ज कराई गई शिकायत के आधार 16 अगस्त को चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में भटसाना निवासी पवन कुमार का गिरफ्तार कर लिया।

## आरडीएस गर्ल्स कॉलेज में एससी-बीसी स्कॉलरशिप पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- कमेटी की कन्वीनर प्रमोद यादव व सदस्य लोकेश्वर शर्मा ने कार्यक्रम में सहयोग दिया


रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

कालाका रोड स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज में प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव की अध्यक्षता में महाविद्यालय की एससी-बीसी कमेटी की ओर से पोस्ट मेट्रिक एससी-बीसी स्कॉलरशिप पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कमेटी की कन्वीनर प्रमोद यादव व सदस्य लोकेश्वर शर्मा ने कार्यक्रम में सहयोग दिया। इस मौके पर प्राचार्य डा. यादव ने छात्राओं को सरकारी की ओर से दी जा हरी विभिन्न छात्रवृत्तियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियों का अपनी योग्यता व आवश्यकतानुसार लाभ लेना चाहिए। प्रमोद यादव ने छात्राओं को एससी-बीसी पोस्ट मेट्रिक स्कॉलरशिप के पोर्टल के की जानकारी दी गई, जोकि इस वर्ष से बदलकर एनएसपी पोर्टल कर दिया गया है। छात्राओं को छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक दस्तावेजों तथा आवेदन करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई तथा स्कॉलरशिप से संबंधित समस्याओं का भी समाधान बताया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ से डा.पिंकी शर्मा, डा. प्रवीण कुमारी व क्रांति शर्मा उपस्थित थी।

---


रेवाड़ी। सुरेन्द्र वशिष्ठ का सम्मान करते हुए व्यापारी। फोटो: हरिभूमि

### सीएम विंडों एमिनेंट पर्सन बने सुरेंद्र वशिष्ठ

**रेवाड़ी।** पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान एवं हरियाणा प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ सुरेंद्र वशिष्ठ को हाल ही में सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन बनाए जाने पर शुक्रवार को व्यापारियों ने सम्मान किया। इस मौके पर सुरेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि अगर सभी व्यापारी पंजाबी मार्केट को अतिक्रमण मुक्त व स्वच्छ रखेंगे तो प्रशासन अन्य बाजार को आपकी मिसाल देगा। इस मौके पर एसोसिएशन के महासचिव राजीव आहूजा, उपप्रधान लव खरबंदा, हितेश कटारिया, सचिव रवि कुकरेजा, सह सचिव दिनेश प्रजापत, दलीप कालड़ा, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार, सह कोषाध्यक्ष हरीश आहूजा, सुनील वर्मा, मोहम्मद समसूदीन नरेश गुलयानी, प्रदीप कालड़ा, किशन खुराना,विजय अरोड़ा, किशन खुराना, रमन मनोचा व विक्की लखानी सहित अनेक व्यापारी मौजूद थे।

## नशा बेचने वालों की असली जगह जेल :डीएसपी

- पुलिस ने गवर्नमेंट आईटीआई कोसली में नशे के दुष्प्रभावों एवं बचाव को लेकर किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली


रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए डीएसपी विद्यानंद।

जिला पुलिस की ओर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता, पौधरोपण, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा, रक्तदान और सड़क सुरक्षा जैसे अभियान चलाए जा रहे है। शुक्रवार को पुलिस प्रशासन की ओर से गवर्नमेंट आईटीआई कोसली में नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों और अवैध नशा तस्करी के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएसपी कोसली विद्यानंद ने आईटीआई के विद्यार्थियों व स्टाफ को नशे के दुष्प्रभावों एवं बचाव की जानकारी दी। इस अवसर पर आईटीआई कोसली के सुपरिटेंडेंट रमेश कुमार, आईटीआई स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। इस अवसर पर डीएसपी विद्यानंद ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर अग्रणी भूमिका निभानी होगी। सभी युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा तथा खेलों में लगाएं तथा बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार कर अपने इलाके का नाम रोशन करें। मां-बाप को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें तथा अपने बच्चों को नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद की गतिविधियों में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

#### पुलिस को दें सूचना

नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को दें, पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों व स्टाफ को नशा न करने की शपथ दिलाई और नशे के खिलाफ चलाए जा रहे इस अभियान में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की नशे संबंधी सूचना के लिए पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे।


रेवाड़ी। महिलाओं व छात्राओं को जानकारी देते हुए डॉक्टर। फोटो: हरिभूमि

### पोषित आहार की दी जानकारी

**कुंड।** जिले के गांव बगथला स्थित हेल्थ वेलनेस सेंटर में सेवा पखवाड़े के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बगथला डा. अनु सिरोहा की अगुवाई में हेल्थ चेकअप तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी यतेंद्र रावत व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी ललित रावत थे। कसोला पीएचसी चिकित्सा अधिकारी डा. प्रतीक्षा ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को दैनिक साफ-सफाई तथा स्वास्थ्य के संदर्भ में बताया। डा. सीरोहा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं व छात्राओं को पोषित आहार के बारे में भी जानकारी दी गई। डॉक्टर्स ने बताया कि सेवा पखवाड़े के दौरान स्वच्छता रैली, नाट्य मंचन, पेंटिंग, निबंध, प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिताओं के अलावा शैक्षणिक भ्रमण तथा हेल्थ कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि यतेंद्र रावत ने पौधरोपण किया व सभी को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया।

---


रेवाड़ी। आश्रम में पौधरोपण करते हुए महाराज व श्रृद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### महंत रामानंद दास की स्मृति में कार्यक्रम

**कुंड।** गांव सीहा के बाबा रामस्वरूपदास दादूपंथी आश्रम में महंत रामानंद दास महाराज की स्मृति में हवन व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आश्रम के महंत नरोत्तम दास महाराज के सान्निध्य में शंकरदास महाराज व निशु शास्त्री के मंत्रोच्चारण से हवन सम्पन्न हुआ। इस मौके पर आश्रम में महंत रामानंद दास की याद में महाराज दीपक दास की अगुवाई में श्रद्धालुओं ने बरगद का पौधा लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर महंत नरोत्तम दास ने कहा कि रामानंद दास महाराज की ओर से आश्रम में दिए गए सहयोग को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

**कार्यक्रम** आईजीयू में राज्य स्तरीय प्री-आरडी ट्रायल का समापन, एनएसएस स्वयंसेवकों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# अनुशासन व सेवा भावना के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की राह दिखाता है एनएसएस

- स्वयंसेवकों ने एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसरों के साथ सक्रिय भागीदारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। एनएसएस स्वयंसेवकों के ट्रायल्स लेते हुए टीम व कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व निर्णायक मंडल।

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्री-आरडी ट्रायल्स का समापन हो गया। ट्रायल्स में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से आए एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। रोहतक, झज्जर, गुरुग्राम, बहादुरगढ़, रेवाड़ी, पलवल, सोनीपत, भिवानी, महेन्द्रगढ़, पटौदी, फरीदाबाद और सोहना से आए स्वयंसेवकों ने एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसरों के साथ सक्रिय भागीदारी की। विश्वविद्यालय स्तरीय प्री-आरडी ट्रायल्स में चयनित स्वयंसेवकों ने राज्य स्तरीय आयोजन में अपनी प्रतिभा और अनुशासन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रवण कुमार क्षेत्रीय निदेशक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय थे। उन्होंने आईजीयू के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी और कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह का आयोजन के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं को अनुशासन और सेवा भावना के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की राह दिखाता है। विशिष्ट अतिथि राज्य एनएसएस अधिकारी प्रो. दिनेश कुमार ने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे प्रतियोगिता और देशभक्ति की भावना को हमेशा बनाए रखें। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय से आए यूथ ऑफिसर मनोज कुमार ने कहा कि ऐसी गतिविधियां युवाओं में आत्मविश्वास, एकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। कार्यक्रम में विशाल सैनी ने भी स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया।

निर्णायक मंडल में एनसीसी अधिकारी मेजर प्रो. नीरज चौहान, महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना से प्रो. रचिन सूरी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हांसाका से संगीत पीजीटी संजीता शामिल थी। चयन प्रक्रिया दौड़, परेड, शारीरिक दक्षता, सांस्कृतिक गतिविधियों और साक्षात्कार के आधार पर की गई। इस दौरान योगेश चौधरी और अमित शर्मा ने ड्रिल इंस्ट्रक्टर की भूमिका निभाई और स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया।

#### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर प्रो. करन सिंह, प्रो. अदिति शर्मा, प्रो. दीपक गुप्ता, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. बलदेव, डा. सुरेंद्र और डा. वीरेंद्र भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर्स डा. प्रियंका रंगा, डा. अनीता, डा. संदीप कुमार और डा. अमनदीप ने किया। एनएसएस क्लर्क मंजीत, अंकित और मनमोहन ने आयोजन में आवश्यक डॉक्यूमेंटेशन और क्लेरिकल कार्य संभालकर योगदान दिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डा. मुकेश कुमार थे। डा. मुकेश कुमार ने कहा कि ऐसे ट्रायल्स न केवल युवाओं की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर की गतिविधियों में भाग लेने का अवसर भी प्रदान करते हैं। एनएसएस के राज्य स्तरीय प्री-आरडी ट्रायल्स ने न केवल स्वयंसेवकों को अपनी क्षमताओं को साबित करने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के उच्च आदर्शों को आत्मसात करने के लिए भी प्रेरित किया।